# POLICE COMMISSIONERATE
# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 03.09.2026

### हत्या के अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 अभियुक्त थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 01 अवैध खोखा कारतूस .32 बोर, 04 एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन, 01 ब्लूटूथ व घटना में प्रयुक्त 01 चारपहिया वाहन बरामद

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा सर्विलांस सेल नगर के सहयोग से थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0 314/2026 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों 1. शुभम तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश तिवारी निवासी बिसानी उर्फ हरिसेनगंज थाना मऊआईमा जनपद प्रयागराज, 2. शुभम यादव पुत्र सुरेन्द्र कुमार यादव निवासी पटेल नगर चौराहा लाल का पुरा थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज व 3. अंकुश यादव पुत्र राम तीरथ यादव निवासी कुमही थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर हाल पता तनवीर लाज म्योराबाद थाना कैंट जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 03.09.2026 को सूबेदारगंज फ्लाईओवर के नीचे थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया व उनके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 01 अवैध खोखा कारतूस .32 बोर, 04 एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन, 01 ब्लूटूथ व घटना में प्रयुक्त 01 चारपहिया वाहन रजि0 संख्या UP72BV3542 बरामद किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 61(2) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त महोदय (कानून एवं व्यवस्था) कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा गिरफ्तारी करने वाली टीम को प्रोत्साहन स्वरूप 25000/- रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी श्री अनुराग गुप्ता पुत्र कंधई लाल गुप्ता निवासी ग्राम पाण्डेय का पुरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गयी कि उनका भाई आलोक गुप्ता उम्र करीब 27 वर्ष जो थाना धूमनगंज क्षेत्रान्तर्गत अम्बर अपार्टमेंट हरवारा में किराये का कमरा लेकर रहता था, जो घरवालों को बिना बताये कहीं चला गया है। जिसके सम्बन्ध में गुमशुदा की मां श्रीमती रेखा देवी द्वारा थाना धूमनगंज पर दिनांक 22.08.2026 को गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। जाँच के क्रम में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक खबर संज्ञान में आयी जिसमें बताया गया कि मध्य प्रदेश के जनपद रीवा के थाना सोहागी अन्तर्गत सेल्फी प्वाइंट के पास एक नीले रंग के बैग में अज्ञात शव बरामद हुआ है। उक्त शव की शिनाख्त करने हेतु गुमशुदा के भाई अनुराग गुप्ता द्वारा थाना सोहागी जाकर बरामद अज्ञात शव के फोटोग्राफ्स, कपड़े व बैग देखकर शव की पहचान अपने गुमशुदा भाई आलोक गुप्ता के रुप में की गयी। इस सम्बंध में थाना सोहागी म0प्र0 में दिनांक 14.08.2026 को अप्राकृतिक मृत्यु का पंजीकरण किया गया था।

थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0314/2026 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

**घटना का सफल अनावरण-**

घटना के अनावरण हेतु गठित टीमों द्वारा मृतक के निवास- किराये का कमरा, अम्बर अपार्टमेन्ट हरवारा धूमनगंज के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया गया तो दिनांक 11.08.2026 को अपार्टमेन्ट से 01 नीले रंग के भारी बैग को 03 व्यक्ति उठाकर स्विफ्ट कार में रखकर ले जाते हुये दिखाई दिये। वादी मुकदमा द्वारा उपरोक्त तीनो व्यक्तियो में से 01 की पहचान अभियुक्त शुभम तिवारी उपरोक्त के रूप में की गयी तथा विवेचना के क्रम में साक्ष्य

संकलन से 02 अन्य अभियुक्तों की पहचान 1. शुभम यादव व 2. अंकुश यादव उपरोक्त के रूप में हुई । पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से आलाकत्ल 01 पिस्टल तथा घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद किया गया।

**अभियुक्तों से पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्त शुभम तिवारी उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मृतक आलोक गुप्ता उसका मित्र था, जो शादियों में फोटोग्राफी का काम करता था तथा इसके बदले उसे अच्छे पैसे मिलते थे। अभियुक्त शुभम तिवारी उपरोक्त नें मृतक आलोक गुप्ता से काफी रुपये भी उधार ले रखे थे। अभियुक्त शुभम तिवारी मृतक आलोक गुप्ता के रहन-सहन से भी ईर्ष्या रखता था। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मृतक आलोक गुप्ता हमेशा उसे बेरोजगार तथा अपने नौकर कहकर मजाक उड़ाता था। इसी बात से कुंठित होकर अभियुक्त शुभम तिवारी उपरोक्त नें अपने मित्रों शुभम यादव व अंकुश यादव उपरोक्त के साथ मिलकर आलोक गुप्ता की हत्या करने की योजना बनायी तथा उसे गोली मार दी। गोली लगने पर आलोक गुप्ता जोर से चिल्लाने लगा तब उसका मुह और गला दबा दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. शुभम तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश तिवारी निवासी बिसानी उर्फ हरि.सेनगंज थाना मऊआईमा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष।
2. शुभम यादव पुत्र सुरेन्द्र कुमार यादव निवासी पटेलनगर चौराहा लाल का पुरा थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।
3. अंकुश यादव पुत्र राम तीरथ यादव निवासी कुमहीं थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर हाल पता तनवीर लॉज म्योराबाद थाना कैंट जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 01 अवैध खोखा कारतूस .32 बोर।
2. 04 एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन, 01 ब्लूटूथ।

3. घटना में प्रयुक्त 01 चारपहिया वाहन रजि0 संख्या UP72BV3542 चेसिस नम्बर MBHCZCB35PEC47820 व इंजन नं0 K12NP1434531.

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 314/2026 धारा 103(1)/238/61(2) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**A. थाना धूमनगंज टीम-**

1. नि0 धनन्जय कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 भूपेन्द्र यादव, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 मनीष सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 कमलेश प्रसाद, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. हे0का0 पंकज चौबे, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. हे0का0 विजय कुमार यादव, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. हे0का0 प्रभुनाथ राय, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. का0 कपिल बाबू, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
9. का0 देवेश कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
10. का0 अवनीश तिवारी, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
11. का0 सागर, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
12. रि0का0 आशीष कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
13. रि0का0 प्रदीप कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
14. रि0का0 दीपक कन्नौजिया, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
15. रि0का0 अभिषेक कुमार, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
16. म0का0 रीमा पाल, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
17. रि0म0का0 प्रियंका गौड़, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**सर्विलांस सेल नगर टीम-**

1. का0 सौरभ उत्तम, सर्विलांस सेल नगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 चन्दन शर्मा, सर्विलांस सेल नगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 ब्रह्मानन्द, सर्विलांस सेल नगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 मुकेश यादव, सर्विलांस सेल नगर कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना फुलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नंदौत निवासी गुलाब चंद बिंद पुत्र रामवृक्ष बिंद द्वारा थाना फूलपुर पर तहरीर दी गई कि दिनांक-12.08.2026 को विकास बिंद पुत्र संतलाल बिंद निवासी ग्राम नंदौत थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा लिया गया है, गुलाब चंद बिंद उपरोक्त द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-264/2026 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 बनाम विकास कुमार बिंद उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व पीड़िता की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

**पुलिस की कार्यवाही-**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 264/2026 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास बिंद पुत्र संतलाल बिंद निवासी ग्राम नंदौत

थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-03.09.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत कुसेहटा मोड़ से मुबारकपुर जाने वाले मुख्य मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया । पीड़िता के बयान व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-64(2)(m) भा0न्या0सं0 व 5L/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

विकास बिंद पुत्र संतलाल बिंद निवासी ग्राम नंदौत थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 21 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-264/26 धारा-87/137(2)/64(2)(m) भा0न्या0सं0 व 5L/6 पॉक्सो एक्ट थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विशाल कुमार गुप्ता, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. म0उ0नि0 प्रिया त्रिपाठी, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 दिलीप कुमार यादव, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

# थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त  गिरफ्तार

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम थानापुर निवासी विजय कुमार पुत्र शंकर लाल द्वारा थाना थरवई पर तहरीर दी गई कि दिनांक-31.08.2026 को दीपक कुमार पुत्र चंचल निवासी ग्राम ढोकरी सैदाबाद थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा लिया गया है, विजय कुमार उपरोक्त द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना थरवई पर मु0अ0सं0-221/2026 धारा-87/137(2) भा0न्या0सं0 बनाम दीपक कुमार उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व पीड़िता की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

**पुलिस की कार्यवाही-**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना थरवई पर पंजीकृत मु0अ0सं0-221/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र चंचल निवासी बमइला सैदाबाद थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, हाल पता ग्राम ढोकरी सैदाबाद थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-03.09.2026 को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत कानपुर वाराणसी हाइवे स्थित थानापुर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

दीपक कुमार पुत्र चंचल निवासी बमइला सैदाबाद थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, हाल पता ग्राम ढोकरी सैदाबाद थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-221/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अमरदेव सिंह, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. रि0का0 रवि कुमार, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयगराज।
3. रि0का0 शिवा, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना शंकरगढ़ पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग के 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 कुल्हाड़ी बरामद

थाना शंकरगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 210/26 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के वांछित अभियुक्तगण 1.मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल, 2.पप्पू पुत्र मुन्नीलाल निवासीगण ग्राम गढवा किला थाना शंकरगढ़ प्रयागराज को आज दिनांक 03.09.26 को थाना स्थानीय क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शिवराजपुर पावर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 कुल्हाड़ी बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-28.08.26 को वादी फूलकुमार पुत्र कल्लू निवासी ग्राम चक अराजी गढ़वा किला थाना शंकरगढ प्रयागराज द्वारा थाना स्थानीय पर दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र बावत् वादी के भाई हीरालाल उम्र 40 वर्ष को विपक्षीगणों द्वारा कहा सुनी के दौरान कुल्हाड़ी से मार देना

जिससे मृतक हीरालाल का खून अधिक बह जानें के कारण मौके पर ही मृत्यु हो जानें के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 210/26 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा था। जिसके क्रम में दिनांक 01.09.2026 को अभियुक्ता रेखा पत्नी रामकेश निवासी गढ़वा किला थाना शंकरगढ़ उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। आज दिनांक-03.09.2026 को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण 1.मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल, 2.पप्पू पुत्र मुन्नीलाल उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 कुल्हाड़ी बरामद किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण 1.मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल, 2.पप्पू पुत्र मुन्नीलाल उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि घटना दिनांक की शाम को पुरानी रंजिश को लेकर हीरालाल से आपस मे कहा सुनी होने लगी इसी बात को लेकर हीरालाल मेरे पिता व मेरी बहन रेखा व जीजा को मार रहे थे। हमलोग भी वही पर मौजूद थे तभी हीरालाल मेरी बहन रेखा को गाली देने लगा तभी हमलोगों को गुस्सा आ गया तो हमलोग भी मारने लगे। तभी हीरालाल उठकर भागने लगा तो मैं मनोज कुमार कुल्हाडी लेकर अपने परिवार वालो के साथ दौडाकर कुल्हाडी से हीरालाल के हांथ पर मार दिया था जिससे हीरालाल ज्यादा चोट लग जाने के कारण हीरालाल की मृत्यु हो गयी। फिर हमलोग व मेरे परिवार वाले डर की वजह से वहां से भाग गये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल उम्र करीब 30 वर्ष, नि0 ग्राम गढवा किला थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज।
2. पप्पू पुत्र मुन्नीलाल उम्र करीब 35 वर्ष, नि0 ग्राम गढवा किला थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज।

## सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 210/26 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस थाना शंकरगढ़ कमि0 प्रयागराज।

## बरामदगी का विवरण-

आलाकत्ल 01 कुल्हाड़ी।

## गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष प्रीतम कुमार तिवारी थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 शिवकुमार यादव थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 अनिल कुमार मिश्र थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 सतीश यादव थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 अभय राजभर थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. का0 अमर पाल सिंह थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. का0 गुरु प्रताप यादव थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. का0 शनी कुमार थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
9. का0 अमरपाल सिंह  थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।
10. म0का0 नेहा थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।